संख्या:36 /2019/1407जेएल/22-3-19-100(4)/2008

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 ***लखनऊ: दिनांक: 19 अप्रैल, 2019***

विषय: जिला कारागार बरेली में निरूद्ध विचाराधीन बंदी अतीक अहमद पुत्र स्व0 हाजी फिरोज अहमद को अन्यत्र कारागार में स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-मेमो/सामा-1(3)/जि0का0बरेली/2019, दिनांक 06-04-2019 द्वारा की गयी संस्तुति एवं जिला मजिस्ट्रेट, बरेली के पत्र संख्या-193/अठारह-यू0आई0(2015-20)/जे0ए0, दिनांक 06-04-2019 में किये गये अनुरोध के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-128 सपठित-409ए में निहित प्राविधानों के अनुसार जिला कारागार बरेली में निरूद्ध विचाराधीन बंदी अतीक अहमद पुत्र स्व0 हाजी फिरोज अहमद को प्रशासनिक आधार पर केन्द्रीय कारागार नैनी, प्रयागराज में स्थानान्तरित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन आख्या शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3- यह आदेश भारत निर्वाचन आयोग के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

संख्या:36/2019/1407जेएल(1)/22-3-19-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0, लखनऊ।
3. मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ को उनके पत्र संख्या-2019/सी0ई0ओ0-1-लखनऊ, दिनांक 19-04-2019 के संदर्भ में।
4. जिला मजिस्ट्रेट, बरेली को उनके पत्र संख्या-193/अठारह-यू0आई0(2015-20)/जे0ए0, दिनांक 06-04-2019 के संदर्भ में।
5. जिला मजिस्ट्रेट, प्रयागराज।
6. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली एवं प्रयागराज।
7. अधीक्षक, जिला कारागार बरेली एवं वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार नैनी, प्रयागराज।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in